Regarding stoppage of trains at Ghorasahan Railway Station in Sheohar Parliamentary Constituency-laid

श्रीमती रमा देवी (शिवहर)**:** मैं सरकार का ध्यान पूर्व मध्य रेल जोन के सीतामढ़ी-रक्सौल रेलखंड पर स्थित घोड़ासहन रेलवे स्टेशन की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूँ । मेरे शिवहर संसदीय क्षेत्र अंतर्गत स्थित घोड़ासहन रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग विभिन्न स्थानों के लिए यात्रा करते हैं परन्तु, यहाँ पर सिर्फ एक एक्सप्रेस ट्रेन का ही ठहराव होता है । भारत- नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित घोड़ासहन स्टेशन व्यापारिक दृष्टिकोण से भी काफी महत्वपूर्ण है । पहले यहाँ से गुजरने वाली सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव होता था लेकिन वर्ष 2012 में आमान परिवर्तन का कार्य पूर्ण होने के बाद से उक्त स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की स्वीकृति रेलवे द्वारा नहीं दी गई है । वर्त्तमान में सीतामढ़ी- रक्सौल रेलखंड पर ट्रेन संख्या 14007 /14008 एवं 14017 /14018 सद्भावना एक्सप्रेस, 12545/12546 कर्मभूमि एक्सप्रेस, 17005/17006 रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस तथा ट्रेन संख्या 15656 /15657 कटरा-कामाख्या एक्सप्रेस सहित आधा दर्जन से अधिक एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन होता है परन्तु उनका स्टॉपेज घोड़ासहन जैसे महत्वपूर्ण स्टेशन पर नही होने से लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा उनमें निराशा है । अतः सरकार के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध होगा कि घोड़ासहन रेलवे स्टेशन पर उपरोक्त एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित कराया जाये ।